खेलकूद टीम भावना व नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है : महापौर

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करतीं महापौर व प्रधानाचार्य .

प्रतिनिधि , समस्तीपुर

शहर के आरएनएआर कॉलेज में गुरुवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का भव्य शुभारंभ किया गया. प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर निगम के महापौर अनिता राम व प्रधानाचार्य प्रो. दिलीप कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया. महापौर ने कहा कि खेलकूद ना केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है. प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है. खेल हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने में मदद करता है. वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन जैवलिन थ्रो बॉयज, जैवलिन थ्रो गर्ल्स, शॉट पुट एंड डिसकस थ्रो बॉयज, शॉट पुट और डिस्कस थ्रो गर्ल्स, सुई धागा रेस फीमेल, टेबल टेनिस मेल फीमेल, चैस मेल फीमेल, छात्र छात्राओं के लिए दौड़ 1500 मीटर, 800 मीटर का आयोजन किया गया.

प्रभात खबर
Friday, January 30, 2026
Samstipur
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/697bac2461406eada8150c8a